MDM
25.7.17

राजस्थान सरकार
कार्यालय आयुक्त, मिड–डे–मील कार्यक्रम

नवजीवन सहकारी बाजार (उपहार), प्रथम तल,
भवानी सिंह मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302001
सम्पर्क : 0141 – 2221694, 2221960 (टेली / फैक्स)
ई मेल–rajmdm@rediffmail.com

मध्याह्न भोजन योजना – राजस्थान
Mid day Meal Scheme - Rajasthan

क्रमांक एफ. 4(220)प्रा.शि. / एमडीएम / दिशा–निर्देश / 2016 / 426 जयपुर दिनांक: 21.7.2017

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा॰शिक्षा),
जिला समस्त।

विषयः– मिड डे मील योजना में पायी गई कमियों के संबंध में सुधारात्मक कदम उठाने बाबत।

संदर्भः– निदेशालय मूल्यांकन संगठन राजस्थान जयपुर द्वारा चयनित जिलों में किया गया मूल्यांकन अध्ययन वर्ष 2016–17

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निदेशालय मूल्यांकन संगठन राजस्थान जयपुर द्वारा मिड डे मील योजना का मूल्यांकन अध्ययन किया गया जिसमें उनके द्वारा योजना के कियान्वन में निम्नानुसार कमियां पाई गई, विवरण निम्नानुसार हैः–

1. विद्यालयों में पोषाहार बनाने हेतु ईधन की आपूर्ति नियमित नहीं होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा के समय अधिक कठिनाई आती है।
2. कुछ विद्यालयों में रसोईघर बने हुए है किन्तु वे साधारण कमरे की तरह है। इनकी साईज बहुत ही छोटी है तथा लकड़िया जलाकर उनसे खाना बनाने में परेशानी होती है। कुछ विद्यालयों में रसोईघर नही होने के कारण खुले में खाना तैयार किया जाता है। बारिश के समय परेशानी होती है।
3. विद्यालयों में गेहूँ, चावल आदि तौलने की कोई सामग्री कांटा, बाँट आदि नही दिये गये है। गेहूँ पिसवाने हेतु बाहर भेजने पड़ते है किन्तु तौलने की व्यवस्था नहीं होने के कारण अन्दाज से भेजे जाते है।
4. पोषाहार पकाने वाली महिलाओं का मानदेय एवं अन्य सामग्री (गुड, नमक, दाल तेल) आदि पर किया गया व्यय नियमित एवं समय पर प्राप्त नही होता है।
5. प्राप्त खाद्यान्न अच्छी किस्म का नही होने के कारण साफ करने में अधिक समय लगता है।
6. कई विद्यालयों में खाद्यान्न भण्डारण की व्यवस्था में कमी पाई गई है।
7. खाद्यान्न आपूर्ति वितरण सहकारी समिति सोसाईटी द्वारा किया जा रहा है। विद्यालयों तक समय पर भारतीय खाद्य निगम से उठा कर खाद्यान्न नहीं पहुंचाते हैं और न ही उनका माप / तौल किया जाता है।
8. पोषाहार कार्यक्रम के कारण अध्ययन अध्यापन प्रभावित होता है।

मिड डे मील कार्यक्रम के इतने वर्षो के सफल संचालन के उपरान्त अब भी जिलों में कार्यक्रम के कियान्वन में उपरोकतानुसार कमियां दृष्टिगोचर हो रही है।

अतः मिड डे मील कार्यक्रम की प्रभावी मोनिटरिंग सुनिश्चत की जावें तथा कार्यक्रम के अन्तर्गत पायी गयी उपरोकतानुसार कमियों के सुधार हेतु प्रभावी कदम उठाने सुनिश्चत किये जावें।

भवदीय

उप आयुक्त
मिड डे मील

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक नागौर
क्रमांक :- शिजिशिअ/प्रारं/ MDM/2017/1338 दिनांक :- 27.7.17
मूल ही पत्र समस्त BEEO जिला नागौर को भेजा जाकर लेख है कि पत्रानुसार पाई गयी कमियों को सुधार कर कार्यालय को सूचित करें।

जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारम्भिक, नागौर

Jr.Accountant/Accountant Data/N S Letter 2017
138

www.rajteachers.com